# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

**क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे, पानी की टंकी के पास, दमोह नाका, जबलपुर, 482002**

**दूरभाष क्रमांक 0761–2347195**

क्रमांक 615 / स्था. / मु.अ. / जबलपुर / 2012 दिनांक 16.1.2012

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय के ज्ञाप क्रमांक एफ–1–11 / 2010 / 1 / 34 भोपाल दिनांक 29.10.2010 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जबलपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत जिला / उपखण्ड स्तर पर स्थापित पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में मानदेय के आधार पर रसायनयज्ञ एवं प्रयोगशाला सहायक की संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर के अधीन जिलो के लिए निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिलेवार / पदवार आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 18.2.2012 को सायं 5.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए, तत्पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे । डाक द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | जिला | पदस्थापना स्थान | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | **योग** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(अ)–रसायनज्ञ – कुल 22 पद** | | | | | | | |
| 1 | जबलपुर | जबलपुर | 1 | – | – | – | **1** |
| 2 | कटनी | कटनी | 1 | – | – | – | **1** |
| 3 | मण्डला | मण्डला, निवास | 1(महिला), 1 | – | – | – | **2** |
| 4 | नरसिंहपुर | नरसिंहपुर | – | 1 | – | – | **1** |
| 5 | छिंदवाड़ा | छिंदवाडा, चौरई | – | – | 1(महिला), 1 | – | **2** |
| 6 | सिवनी | सिवनी, कैवलारी | – | – | 1 | 1 | **2** |
| 7 | बालाघाट | बालाघाट, कटंगी | 1 | 1 | – | – | **2** |
| 8 | रीवा | रीवा, सिरमौर, त्योथर | 1(महिला) | 1 | 1 | – | **3** |
| 9 | सतना | सतना | – | – | – | 1 | **1** |
| 10 | सीधी | सीधी | 1(महिला) | – | – | – | **1** |
| 11 | सिंगरौली | सिंगरौली, बैढ़न | 1 | – | 1 | – | **2** |
| 12 | शहडोल | शहडोल | 1(महिला) | – | – | – | **1** |
| 13 | अनूपपुर | अनूपपुर, राजेन्द्रग्राम | 1(महिला) | – | 1 | – | **2** |
| 14 | डिण्डौरी | डिण्डोरी | – | – | – | 1 | **1** |
| **(ब)– प्रयोगशाला सहायक– 1 पद** | | | | | | | |
| 1 | रीवा | मऊगंज | – | 1 | – | – | **1** |

## नोट :–

(1) उपरोक्त दर्शाये गये पदों में सभी वर्गो के लिए आरक्षित पदों मे महिलाओं, निशक्तजन के लिए म.प्र. शासन के नियम निर्देशो के अनुसार क्षैतिज (Horizontal ) आरक्षण लागू होगा । क्षैतिक आरक्षण में उम्मीदवार न मिलने पर उसी वर्ग के उम्मीदवारो से पद भरे जायेंगे ।

(2) उपरोक्त पदों पर मानदेय के आधार पर संविदा अनुबंध आधारित नियुक्ति की जायेगी, कार्यप्रणाली संतोषप्रद होने पर वार्षिक आधार पर अनुबंध आवश्यकतानुसार नवीनकृत किये जा सकेगें।

(3) रसायनज्ञ पद के लिए रूपये 3500 / – (रूपये तीन हजार पॅाच सौ मात्र) प्रतिमाह एवं प्रयोगशाला सहायक पद के लिए रूपये 2500 / – (रूपये दो हजार पॅाच सौ मात्र) प्रतिमाह मानदेय का भुगतान शासन द्वारा निश्चित किया गया है।

(4) **न्यूनतम आयु सीमा**–दिनांक 31.12.2011 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम सामान्य वर्ग के लिए 35 वर्ष, अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. के लिए 40 वर्ष, सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए 45 वर्ष, अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. के लिए 50 वर्ष। विधवा, तालाकशुदा महिला सामान्य वर्ग के लिए 50 वर्ष एवं अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. के लिए 55 वर्ष होगी।

(5) **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**–रसायनयज्ञ पद के लिए बी.एस.सी. (रसायन शास्त्र) के साथ वॉटर, सीवेज तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण का अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को अधिमान्यता दी जायेगी। प्रयोगशाला सहायक के लिए हायर सेकेण्डरी (10+2) रसायन शास्त्र विषय के साथ उत्तीर्ण।

(6) **चयन**–मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर की अध्यक्षता में गठित की जाने वाली समिति के माध्यम से साक्षात्कार किया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के मैरिट एवं साक्षात्कार में प्राप्त होने वाले अंको के आधार पर चयन प्रक्रिया होगी। साक्षात्कार के लिए मेरिट अनुसार एक पद के विरूद्ध पॉच उम्मीदवारो को बुलाया जावेगा ।

(7) आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, मूल निवासी के संबंध में सक्षम अधिकारी का **स्थायी निवास प्रमाण पत्र** की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(8) जाति संबंधी जानकारी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी रूप से प्रदत्त **जाति प्रमाण पत्र** की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(9) आवेदक/आवेदिका का म.प्र. के किसी भी जिले का रोजगार कार्यालय में विज्ञापन जारी होने की दिनांक से एक माह पूर्व का **जीवित पंजीयन** होना अनिवार्य है जिसकी प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

(10) आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन रहा है अथवा पुलिस में कोई प्रकरण पंजीबद्ध हुआ हो यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण एवं न्यायालय में हुए निर्णय की जानकारी सहित शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(11) आवेदन पत्र का प्रारूप दिया जा रहा है जिसे निर्धारित प्रारूप में भरकर सीलबंद लिफाफे में व्यक्तिगत/डाक से प्रस्तुत करना अनिवार्य है, असत्यापित एवं अपूर्ण आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(12) साक्षात्कार हेतु कार्यालय द्वारा जारी किये गये बुलावा पत्र में दर्शायी गयी नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

(13) आवेदक/आवेदिका एक जिले के लिए एक ही आवेदन पत्र देने के पात्र होंगे । एक से अधिक जिलों के लिए आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में सभी आवेदन पत्रों को अमान्य किया जायेगा ।

(14) विज्ञापन में दर्शायी गयी पद रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि करने का अधिकार विभाग को होगा।

(15) अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक, जाति, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन, विकलांगता एवं अनुभव इत्यादि के प्रमाणपत्रों की सत्यापित छायाप्रतियॉ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(16) विज्ञापन में दर्शित पदों पर आवेदन हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र में विभागीय वेबसाईट www.mpphed.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

Prateek/Vec.

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

| नवीनतम स्वहस्ताक्षरित छायाचित्र |
| --- |

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर।

**विषय :– जिला ....................................... में .............................................. पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

1. (अ) आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) : ...........................................................................................
   (ब) अंग्रेजी में (कैपिटल अक्षरों में) : .......................................................................................................
2. पिता/पति का नाम : ..........................................................................................................................
3. लिंग–(महिला/पुरूष) : ......................................................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित) : .............................................................................................
5. पत्र व्यवहार का स्थायी पता (पिन कोड सहित) : ...................................................................................
6. जन्मतिथि (10+2 परीक्षा के प्रमाण पत्र पर आधारित) : ..........................................................................
7. दिनांक **31.12.2011**. को आयु ........................... वर्ष ......................... माह ......................... दिन .........................
8. जाति : ..................................................................................... (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
9. क्या आवेदक/आवेदिका निःशक्त है हॉ/ना : ...............
10. निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत : ...................................(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ....................................................... दिनांक ...............................

    एवं रोजगार कार्यालय का नाम ..............................................(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
12. शैक्षणिक योग्यता :...........................................................................................................................

    ............................................................................................................................... (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
13. अनुभव यदि हो तो :– ......................................................................................... (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
    (वॉटर, सीवेज तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण के अनुभव को अधिमान्यता)
14. संलग्न प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों की सूची –

**(1)** ..................................  **(2)** ..................................  **(3)** ..................................

**(4)** ..................................  **(5)** ..................................  **(6)** ..................................

### <u>घोषणा पत्र</u>

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारियॉ सत्य हैं, अगर असत्य पाई जाती हैं तो मेरे विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैं यह भी घोषित करता/करती हूँ कि मेरे अन्तिम जीवित बच्चों का जन्म (यदि दो से अधिक जीवित बच्चे हों तो) 26.01.2001 के पश्चात् नहीं हुआ है।

दिनांक .................... स्थान ...........................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

Prateek/Vec.